# चंदनकियारी के रामडीह में चल रहा है अवैध कोयला डिपो, प्रशासन मौन

भास्कर न्यूज | चंदनकियारी



रामडीह में मौजूद कोयला।

सरकार लाख दावा ठोंक ले कि अवैध खनन किसी भी हाल में नहीं होने दी जाएगी। लेकिन खनन माफिया के आगे उनका एक न चलने वाला है। यही कारण है कि चंदनकियारी के अलावा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में धड़ल्ले से अवैध कोयला डिपो का कारोबार फल-फूल रहा है।

ऐसा ही मामला चंदनकियारी के बनगड़िया ओपी क्षेत्र के रामडीह स्थित ग्रामथान का है। यहां प्रतिदिन सुबह होते ही अवैध कोयला लदे साइकिल व बाइक की आवाजाही शुरू हो जाती हैं। साइकिल व बाइक पर लोड इतना ज्यादा रहता हैं कि सड़क पर हमेशा दुर्घटना होने का भय बना रहता है। थोड़ी सी अनियंत्रित होने पर बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसको लेकर ग्रामीण परेशान हैं। लेकिन कोयला माफिया के आगे पुलिस नत-मस्तक हैं। यहां सुबह होते ही चास मुफ्फसिल व सियालजोरी थाना क्षेत्र होते हुए दर्जनों बाइक से कोयला पहुंचाया जाता है। अवैध कारोबार देखकर ग्रामीण परेशान हैं, क्योंकि उन्हें भय है कि उनके बच्चे भी इसमें संलिप्त ना हो जाए।

इस संबंध में जब बनगड़िया ओपी प्रभारी अविनाश कुमार से बात की गई तो उन्होंने जानकारी होने से साफ इंकार किया। जबकि चंदनकियारी के शिव बाबूडीह, अमलाबाद आदि क्षेत्रों में भी धड़ल्ले से अवैध कोयला की तस्करी जारी है। इसके अलावा बालीडीह, पिंड्राजोरा, चास मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में भी अवैध कोयला का कारोबार चल रहा है।

## सीआईएसएफ बीएसएल इकाई में किया पौधरोपण

**बोकारो** | सीआईएसएफ बीएसएल इकाई के पारिवारिक आवास परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अध्यक्ष अनुराधा सिंह की अध्यक्षता में महिलाओं व बच्चों ने पौधे लगाए।









# उम विद्यालय सोनपुरा में पाठ्य सामग्री का वितरण



बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री बांटते सोनपुरा मुखिया व अन्य लोग।

भास्कर न्यूज | कसमार

कसमार प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोनपुरा में बुधवार को प्रभारी प्रधानाध्यापिका शीला देवी की उपस्थिति में मुखिया चंद्रशेखर हेम्ब्रम व वार्ड सदस्य बलदेव रजवार ने बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया। कक्षा एक से 8वीं तक के 176 छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान मुखिया चंद्रशेखर ने कहा कि शिक्षा जीवन की कुंजी है, इसे बचाए रखना जरूरी हैं, क्योंकि शिक्षा के बिना मानव का जीवन अधूरा रह जाता है। शिक्षा ही विकास का आधार है। शिक्षक अगर ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभाएं तो समाज का विकास निश्चित तौर पर होगा। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद यादव, शिक्षक बलदेव नायक, दिनेश महतो आदि थे।









## जेबीकेएसएस कसमार के अध्यक्ष बने प्रशांत तो महासचिव बने नरेंद्र घांसी

**कसमार** | झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति कसमार प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। जिलाध्यक्ष अमरेश कुमार महतो के हस्ताक्षर से जारी सूची में प्रखंड अध्यक्ष प्रशांत कुमार को बनाया है। वहीं वरीय उपाध्यक्ष अनुज कुमार महतो तथा महासचिव नरेंद्र घांसी को बनाया गया है। कोषाध्यक्ष संतोष कुमार महतो, उपाध्यक्ष सर्वेश्वर मुर्मू, कमरूल होदा, गयाराम महतो, युनूस अंसारी, कमलेश कुमार महतो, विशेश्वर महतो, रामू घांसी, सुजीत कुमार, मुकेश महतो व अरविंद महतो को बनाया गया है। वहीं सचिव के पद पर लखन नायक, हराधन महतो, राजकिशोर महतो, दयाल महतो, सहदेव महतो, सत्यनारायण कपरदार, सौरभ जायसवाल, ब्रजेश कुमार, सुमित महतो, बीरू को बनाया गया है। संगठन सचिव राजेश कुमार मुंडा, प्रयाग महतो, बासुदेव मरांडी, महामंत्री अंशुधन महतो, यादव महतो, सृष्टिधर महतो को बनाया है। प्रवक्ता के पद पर जनार्दन महतो, भरत किशोर महतो व प्रभात जायसवाल चुने गए। मीडिया प्रभारी विवेक कुमार, राहुल महतो, युगेश्वर महतो, भृगु कपरदार, कार्यकारिणी सदस्य बलदेव महतो, गफूर रजा, बहादुर महतो, राहुल कुमार, राजू जायसवाल, भागीरथ कपरदार, संजय महतो, राधेश्याम महतो, मिन्हाज अंसारी, बिनोद महतो, समीर दे, विकास महतो, मनोज महतो, संदीप कुमार, रंजीत कुमार, सूरज मुंडा, बिक्रम कुमार को बनाया गया है।

## ओरदाना के 148 लाभुकों को मिला बत्तख का चूजा

**पेटरवार** | प्रखंड के ओरदाना पंचायत भवन में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत बत्तख चूजा का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान गोमिया विधायक की पत्नी कौशल्या देवी, पशुपालन पदाधिकारी विनय कुमार, मुखिया इंद्रा देवी, उलगड्डा मुखिया अरबिंद मुर्मू, गुलाब चंद मांझी, पशुपालन पदाधिकारी कुमार अनंत सागर, राजू महतो ने संयुक्त रूप से लाभुकों के बीच बत्तख चूजा का वितरण किया।


vedanta transforming for good

# ईएसएल स्टील लिमिटेड

ESL STEEL LIMITED

(पूर्वती ज्ञात इलेक्ट्रोस्टील स्टील्स लिमिटेड )
पंजीकृत कार्यालय :- ग्राम सियालजोड़ी, पो. - जोगीडीह, ओ. पी. - बंगारिया,
थाना - चंदनक्यारी, जिला - बोकारो - 828303, झारखण्ड | टेली नं: 08651-102477
वेबसाइटः https://www.eslsteel.com/; ईमेलः esl.shares@vedanta.co.in
CIN: U27310JH2006PLC012663

## सार्वजनिक सूचना - 17वीं वार्षिक आम बैठक वीडीयो कॉन्फ्रेंसिंग / अन्य-ऑडियो-विज़ुअल साधनों (वीसी / ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि ईएसएल स्टील लिमिटेड की 17वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) कॉर्पोरेट मामलो के मंत्रालय (एमसीए) द्वारा जारी सामन्य पारिपत्र सं. 09/2023 दिनांक 25 सितम्बर, 2023, सामान्य परिपत्र सं. 02/2022 दिनांक 5 मई, 2022, सामान्य परिपत्र सं. 02/2021 दिनांक 13 जनवरी, 2021 और सामान्य परिपत्र सं. 20 / 2020 दिनांक 5 मई 2020 के साथ पठित कम्पनी एक्ट, 2013 के लागू प्रावधानों के अनुपालन में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग या अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों (वीसी / ओएवीएम) के माध्यम से **बुधवार, 21 अगस्त, 2024 को पूर्वाह्न 11:30 बजे (आइएसटी)** आयोजित की गई है ।

कम्पनी की वर्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम का नोटिस कम्पनी की वेबसाइट https://www.eslsteel.com/ और के फिन टेक्नोलाजीज लिमिटेड (के फिनटेक) की वेबसाइट https://evoting.com/ पर उपलब्ध है।

सदस्य केवल के फिनटेक द्वारा उपलब्ध कराए गए वीसी / ओएवीएम के माध्यम से उपस्थित और भाग ले सकते है या एजीएम की वेबसाइट से लाइव देख सकते है, जिसका विवरण एजीएम के नोटिस में उपलब्ध कराया गया है। कृपया ध्यान दें कि कम्पनी की 17वीं एजीएम में व्यक्तिगतरूप से भाग लेने और उपस्थित होने की कोई आवश्यकता नहीं है और वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले सदस्यों की उपस्थिति को ही कोरम की गणना के उद्देश्य से गिना जाएगा। वार्षिक रिर्पोट के साथ एजीएम का नोटिस मंगलवार 24 जुलाई 2024 को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों को भेज दी गई है, जिनका ई-मेल पता कम्पनी / डिपॉजिटरी / रजिस्ट्रार और शेयर ट्रान्सफर एजेन्ट के साथ पंजीकृत है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के अनुसार सदस्यों का रजिस्टर और कम्पनी की शेयर ट्रान्सफर बुक्स गुरूवार, 15 अगस्त 2024 से बुधवार 21 अगस्त 2024 (दोनो दिन शामिल) तक बंद रहेंगे। जिन सदस्यों ने अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे एजीएम नोटिस में उल्लिखित प्रक्रियाओं का पालन करें, और एजीएम का नोटिस और वार्षिक रिर्पोट इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करने के लिए अपने ई-मेल पते का पंजीकरण करें और ई-वोटिंग के लिए लॉग इन आइडी और पासवर्ड प्राप्त करें।

कम्पनी अपने सदस्यों को एजीएम से पहले और एजीएम के दौरान एजीएम में किए जाने वाले व्यवसायों के संबंध में रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है और इस उद्देश्य के लिए, कम्पनी ने इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग की सुविधा के लिए के फिनटेक को नियुक्त किया है। एजीएम के लिए रिमोट ई वोटिंग रविवार, 18 अगस्त 2024 (सुबह 09:00 बजे) से शुरू होगी और मंगलवार, 20 अगस्त 2024 (शाम 5.00 बजे) समाप्त होगी। इसके बाद एजीएम के लिए रिमोट ई-वोटिंग अक्षम कर दी जाएगी। बैठक में भाग लेने वाले सदस्य, जो पहले ही रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल चुके हैं, उन्हे बैठक के दौरान वोट देने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एक व्यक्ति जिसका नाम कट-ऑफ-तिथि अर्थात बुधवार, 14 अगस्त 2024 के सदस्यों के रजिस्टर / लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, वो एजीएम से पहले / उसके दौरान रिमोट ई वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा। कोई भी व्यक्ति जो शेयर प्राप्त करता है और एजीएम के नोटिस भेजने के बाद कम्पनी का सदस्य बन जाता है और कट-ऑफ तिथि तक शेयर रखता है वह evoting@kfintech.com पर अनुरोध भेज कर रिमोट ई वोटिंग के लिए लॉग इन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है

एजीएम के दौरान ई- वोटिंग और रिमोट ई- वोटिंग के लिए विस्तृत प्रक्रिया एजीएम नोटिस मे उपलब्ध कराई गई हैं। इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से मतदान के संबंध में, किसी भी प्रश्न (नों) और शिकायत (तों) के मामले में, सदस्य सहायता और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (FAQ) का संदर्भ लें और ई- वोटिंग यूजर मैनुअल https://evoting.kfintech.com (के फिनटेक वेबसाइट) के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध है या evoting@kfintech.com पर सुश्री सी शोभा आनन्द से सम्पर्क करें या किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए के फिनटेक के टॉलफ्री नं0 1-800-309-4001 पर कॉल करें।

**ईएसएल स्टील लिमिटेड के निदेशक मंडल के आदेश से**
मनीष कुमार चौधरी (कम्पनी सकेरेट्री)

**स्थानः बोकारो**
**दिनांकः 25 जुलाई, 2024**

